Bareilly Monday, 11 March 2024
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO : 04 BOTTOM

हल्द्वानी क्रिकेटर्स और 22 यार्ड्स की टीम बनीं विनर

श्रीराममूर्ति मैमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा सीजन

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (10 March): श्रीराम मूर्ति मैमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन संडे सुबह अफरीदी क्लब बरेली और हल्द्वानी क्रिकेटर्स एवं दोपहर में अमरोहा और 22 याईस क्रिकेट एकेडमी पीलीभीत के बीच मैच खेला गया. पहले मैच में हल्द्वानी क्रिकेटर्स ने 206 रन बनाए और अफरीदी क्लब को 141 पर समेट कर मैच को 65 रन से अपने नाम किया. इसमें 28 रन देकर 7 विकेट लेने वाले हल्द्वानी क्रिकेटर्स के आयुष को मैन आफ द मैच चुना गया. दूसरा मैच अमरोहा बनाम 22 याड्र्स पीलीभीत के बीच हुआ, जिसमें 22 यार्ड्स ने अमरोहा को आठ विकेट से पराजित किया. दो छक्के और छह चौकों की सहायता से 52 गेंदों पर 59 रन बना कर नाबाद रहने वाले 22 यार्ड्स के अभिजीत गंगवार को मैन आफ द मैच चुना गया.

विनर्स टीम को मिला सम्मान.

खेल पर एक नजर

श्रीराम मूर्ति मैमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन संडे सुबह 9 बजे अफरीदी क्लब बरेली बनाम हल्द्वानी क्रिकेटर्स के बीच मैच आरंभ हुआ. इसमें हल्द्वानी क्रिकेटर्स के कप्तान सागर रावत ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया. सलामी बल्लेबाज के रूप में सागर और रक्षित दलकोटी ने आक्रामक तेवर दिखाने शुरू किए, दोनों ने पहले विकेट के लिए छह ओवर में 53 रन की साझेधारी निभाई. रक्षित के रन आउट होने के बाद सागर भी टीम के 57 रन के स्कोर पर कैच हो गए, हल्द्वानी क्रिकेटर्स ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 206 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया. इसके जवाब में अफरीदी क्लब की शुरुआत नाजुक हुई. तीसरे ओवर में ही 19 रन के टीम स्कोर पर रियाज कैच आउट हो गए, दूसरा मैच अमरोहा सीनियर क्रिकेट क्लब और 22 याईस एकेडमी पीलीभीत के बीच हुआ. जिसमें 22 यार्ड्स ने टास जीत कर अमरोहा को बैटिंग के लिए आमंत्रित किया. अमरोहा की शुरुआत अच्छी नहीं रही.